**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 05.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा 02 परिवारों को बिखरने से बचाया। आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा पारिवारिक विवादों के समाधान हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा पारिवारिक आपसी झगड़े/मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 02 परिवारों को बिखरने से बचाया। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं पारिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच किए पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने हेतु सलाह दी गयी।